झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध) 22 / 2022–

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

अपर समाहर्ता–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
पाकुड़, साहेबगंज, देवघर एवं गिरिडीह।

राँची, दिनांकः–

विषयः– **झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या का पाकुड़, साहेबगंज, देवघर एवं गिरिडीह जिले में भ्रमण के सम्बन्ध में।**

प्रसंगः– आयोग का पत्रांक–622 दिनांक–25.08.2023 एवं पत्रांक–623 दिनांक–25.08.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष, श्री हिमांशु शेखर चौधरी एवं माननीय सदस्या श्रीमती शबनम परवीन का आयोग के अन्य 3–4 कर्मियों के साथ दिनांक–19.09.2023 से दिनांक–22.09.2023 तक पाकुड़ एवं साहेबगंज तथा दिनांक–25.09.2023 से 27.09.2023 तक देवघर एवं गिरिडीह जिले के भ्रमण पर रहने से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रम की सूचना आयोग के प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से आपको दी गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।

संशोधित भ्रमण कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

1. दिनांक–19.09.2023 – पूर्वाह्न 08.00 बजे राँची से प्रस्थान कर अपराह्न 05.00 बजे पाकुड़ परिसदन भवन में आगमन।
   - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, पाकुड़ में।
   - दिनांक–20.09.2023 – पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक पाकुड़ जिले के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ संवाद।
   - अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक परिसदन भवन, पाकुड़ में PDS, MDM, ICDS एवं MTC से सम्बन्धित योजनाओं की सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक।
   - अपराह्न 03.30 बजे साहेबगंज के लिए प्रस्थान।
2. दिनांक–20.09.2023–अपराह्न 03.30 बजे पाकुड़ से प्रस्थान कर अपराह्न 06.30 बजे परिसदन भवन, साहेबगंज में आगमन।
   - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, साहेबगंज में।
   - दिनांक–21.09.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक साहेबगंज जिले के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ संवाद।
   - अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक परिसदन भवन, साहेबगंज में PDS, MDM, ICDS एवं MTC से सम्बन्धित योजनाओं की सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक।
   - अपराह्न 03.30 बजे देवघर के लिए प्रस्थान।

C:\Users\PC-06\Downloads\Letter.docx398

3. दिनांक–21.09.2023–अपराह्न 03.30 बजे साहेबगंज से प्रस्थान कर अपराह्न 07.30 बजे परिसदन भवन, देवघर में आगमन।
    - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, देवघर में।
    - दिनांक–22.09.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक देवघर जिले के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ संवाद।
    - अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक परिसदन भवन, देवघर में PDS, MDM, ICDS एवं MTC से सम्बन्धित योजनाओं की सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक।
    - अपराह्न 03.30 बजे गिरिडीह के लिए प्रस्थान।
4. दिनांक–22.09.2023–अपराह्न 03.30 बजे देवघर से प्रस्थान कर अपराह्न 05.00 बजे परिसदन भवन, गिरिडीह में आगमन।
    - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, गिरिडीह में।
    - दिनांक–23.09.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक गिरिडीह जिले के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ संवाद।
    - अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक परिसदन भवन, गिरिडीह में PDS, MDM, ICDS एवं MTC से सम्बन्धित योजनाओं की सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक।
    - अपराह्न 03.30 बजे राँची के लिए प्रस्थान।

इस भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आपसे निम्न कार्रवाई अपेक्षित है:–

- अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, पाकुड़, साहेबगंज, देवघर एवं गिरिडीह दल के प्रवास के दौरान क्रमशः पाकुड़, साहेबगंज, देवघर एवं गिरिडीह परिसदन भवन में रात्रि विश्राम हेतु पर्याप्त संख्या में कमरे आरक्षित कराएँगे।
- मुखिया के साथ संवाद का स्थल निर्धारित करते हुए स्थल की विवरणी उपलब्ध कराई जाए।
- मुखिया से संवाद हेतु उक्त जिले के मुखियागण को सम्बन्धित जिला द्वारा निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहने सम्बन्धी सूचना दी जाए।
- समीक्षा बैठक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को ससमय अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने हेतु सूचित करेंगे।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त के सन्दर्भ में उपायुक्त से विमर्श कर दिनांक–04.09.2023 तक स्थिति से अवगत कराने की कृपा की जाय। साथ ही यह भी अनुरोध है कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन का क्या–क्या सहयोग रहेगा, इसकी भी जानकारी दी जाए।

विश्वासभाजन

ह0 /–

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Downloads\Letter.docx399

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

ज्ञापांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 22/2022–   राँची, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–उपायुक्त, पाकुड़, साहेबगंज, देवघर एवं गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 22/2022–646   राँची, दिनांकः– 28.08.2023

प्रतिलिपिः–सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/8/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Downloads\Letter.docx400

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in